# DELHI PUBLIC SCHOOL,  GANDHINAGAR

*SESSION :2021-22*

*SUBJECT:HINDI*

*CLASS :V*

*Term 1 & 2*

*   *WORKSHEET*

* *SUBJECT  ENRICHMENT ACTIVITY(SEA)*

* *ART INTEGRATED LEARNING(AIL)*

* *REVISION  of PT-1 & PT-2*

* *QUESTION BANK*



## Class V Term – 1

## My Buddy

### Worksheet – 1

**दस - दस अप्राणीवाचक पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्दों पर विचार करते हुए उन्हें अलग - अलग लिखिए:- (व्याकरण निपुण - पृष्ठ संख्या - 37)**

| अप्राणीवाचक पुल्लिंग शब्द | अप्राणीवाचक स्त्रीलिंग शब्द |
|---|---|
| 1 | 1 |
| 2 | 2 |
| 3 | 3 |
| 4 | 4 |
| 5 | 5 |
| 6 | 6 |
| 7 | 7 |
| 8 | 8 |
| 9 | 9 |
| 10 | 10 |

### Worksheet – 2

**समाचार -पत्र या पत्रिका में से 20 विशेषण शब्दों को काटकर उन्हें अपनी पुस्तिका में चिपकाइए| (व्याकरण निपुण - पृष्ठ संख्या - 64)**

## Subject Enrichment Activity

**SEA - 1 प्रदूषण आधारित गतिविधि**

**प्रदूषण के सभी प्रकारों के चित्रों से कोलाज बनाइए तथा प्रदूषण को रोकने के उपाय लिखिए:-**

**कोलाज - 3 अंक**

**उपाय - 2 अंक**

**SEA - 2 कारक के भेद व वाक्य**

**चार्ट बनाना - कारक के भेद व वाक्य प्रयोग**

**कारक के भेद- 2 अंक**

**वाक्य प्रयोग - 2 अंक**

**प्रस्तुतिकरण - 1 अंक**

## ART INTEGRATED LEARNING

**AIL - 1**

**महान व्यक्तियों के चित्र व जीवनी आधारित एलबम बनाइए|**

**चित्र-2 अंक, जीवनी-3 अंक**

**AIL - 2**

**प्रकृति का सुन्दर- सा चित्र बनाकर उस पर पाँच वाक्य लिखिए|**

**चित्र- 2 अंक, वर्णन- 3 अंक**

## Periodic Test - 1

## Revision

**प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) शहीदों ने आज़ादी के लिए क्या-क्या किया?

(ख) तिरंगा किनकी याद लिए फहरता है?

(ग) साक्षी को पहली बार अपना जौहर दिखाने का मौका कब मिला?

(घ) रियो में साक्षी का पदक और अधिक महत्त्वपूर्ण क्यों है?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :-**

(क) साक्षी मलिक का जन्म कहाँ हुआ था?

(ख) देश नया जीवन कैसे पाता है?

(ग) देशभक्त हाथों में क्या लेकर चले थे?

(घ) साक्षी के कोच का क्या नाम था?

**प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

(क) त्याग

(ख) पदचिह्न

(ग) अनुरोध

(घ) कामयाबी

**प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :-**

(क) भाषा के कितने रूप हैं? नाम लिखिए|

(ख) गुजराती भाषा की लिपि कौन-सी है?

(ग) भारत में कितनी भाषाओँ को मान्यता प्राप्त है?

(घ) भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराने वाले शास्त्र को क्या कहते हैं?

**प्रश्न 5 रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए :-**

(क) पंडित तेनाली राम के किस्से मशहूर हैं|

(ख) मेरा मित्र घर पर नहीं है|

(ग) सैनिकों की वीरता से ही हम जीते हैं|

(घ) शादी में अच्छी सजावट की गई है|

**प्रश्न 6 रेखांकित संज्ञा शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए :-**

(क) दादाजी बगीचे में सैर कर रहे हैं|

(ख) कवि कविता लिख रहा है|

(ग) अध्यापिका पढ़ा रही हैं|

(घ) सेवक ने अच्छे से सेवा की|

**प्रश्न 7 निम्नलिखित विषयों पर 60-70 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए :-**

(क) स्वतंत्रता दिवस

(ख) वर्षा ऋतु

## Class V Hindi-Question Bank

### Term-1

### खण्ड - क

**प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) देश नया जीवन कैसे पाता है?

(ख) तिरंगा किनकी याद लिए फहरता है?

(ग) साक्षी का जन्म कैसे परिवेश में हुआ था?

(घ) साक्षी को पहली बार अपना जौहर दिखाने का मौका कब मिला?

(ङ) बीरबल ने दोनों दरबारियों को क्या सलाह दी?

(च) डिब्बे से कौन-कौन सी चीजें निकली?

(छ) प्लास्टिक की थैलियों से पशुओं को क्या हानि होती है?

(ज) आज प्लास्टिक का प्रयोग किन-किन रूपों में हो रहा है?

(झ) राजा सौमिक सेन क्या पता लगाना चाहते थे?

(ञ) सौरभ को किस बात की चिंता हुई?

(ट) वृक्षों की शोभा कब बढ़ जाती है?

(ठ) कोयल कब मतवाली होकर झूमने लगती है?

(ड) भारत एक बगीचे के समान कैसे है?

(ढ) भारत के चरणों को कौन धोता है?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :-**

(क) देशभक्त हाथों में क्या लेकर चले थे?

(ख) किनके त्याग तपोवन के जैसे हैं?

(ग) अकबर को कौन-सा कार्य बिलकुल पसंद नहीं था?

(घ) दरबारी हताश होकर किसके पास गए?

(ङ) प्लास्टिक कैसा पदार्थ है?

(च) प्लास्टिक की थैलियाँ किसके पेट में जाकर जान के लिए खतरा बनती हैं?

(छ) पंचम सुर में कौन गाता है?

(ज) हमें कैसी बोली बोलनी चाहिए?

(झ) रोहतक के अखाड़े में साक्षी के कोच कौन थे?

(ञ) साक्षी को कौन-सी मुहिम का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया?

(ट) भारत का मुकुट किसे कहा है?

(ठ) सोने जैसे दिन हैं इसके- 'इसके' शब्द किसके लिए कहा गया है?

(ड) नगर की सीमा पर सौरभ की मुलाकात किस व्यक्ति से हुई?

(ढ) बालकृष्ण ने महान व्यक्तियों से मुलाकात कराने के लिए क्या माँगा?

**प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| (क) कर्मशील | (ख) कामयाबी | (ग) अनुरोध |
| (घ) आश्वासन | (ङ) लक्ष्य | (च) अवगुण |
| (छ) हताश | (ज) कोमल | (झ) आग्रह |

**प्रश्न 4 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

कागज़ का पंखा और कागज़ की लालटेन देखकर बादशाह को पहले तो आश्चर्य हुआ, फिर उन्हें याद आया कि उन्होंने ही इन दोनों को आदेश दिया था कि एक व्यक्ति कागज़ में हवा बाँधकर लाए और दूसरा कागज़ में आग लाए| बादशाह तुरंत समझ गए कि ज़रूर यह बीरबल का ही काम है| इसलिए उन्होंने दोनों दरबारियो से पूछा, “तुम्हें यह उपाय किसने बताया?”

(क) बादशाह को क्या देखकर आश्चर्य हुआ?

(ख) हवा और आग किसमें लाने को कहा?

(ग) बादशाह क्या समझ गए?

(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए|

**प्रश्न 5 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

प्रातः स्मरणीय शहीदों का वंदन है|

जिनके त्याग तपोवन से माटी चन्दन है|

जिन्हें आत्म-सम्मान रहा प्राणों से प्यारा,

उन्हें याद करती अब भी गंगा की धारा|

ले हाथों में शीश चले ऐसे मतवाले,

आज़ादी के लिए हलाहल पीने वाले|

(क) प्रातः किसका वंदन करना चाहिए?

(ख) सैनिकों को प्राणों से प्यारा क्या है?

(ग) शहीदों को कौन याद करती है?

(घ) आज़ादी के लिए ये क्या पीने को तैयार रहते हैं?

## <u>खण्ड - ख</u>

**प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :-**

(क) भाषा किसे कहते हैं?

(ख) भाषा के कितने रूप हैं, उनके नाम लिखिए|

(ग) भारत में कितनी भाषाओँ को मान्यता प्राप्त है?

(घ) भाषा के शुद्ध रूप की जानकारी कौन-सा शास्त्र कराता है?

(ङ) हिंदी व अंग्रेज़ी भाषा की लिपि कौन-सी है?

**प्रश्न 7 निम्नलिखित वाक्यों में आए व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्दों को गोला व जातिवाचक संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए :-**

(क) भारत देश की पवित्र नदी गंगा है|

(ख) अखिलेश मेरा भाई है|

(ग) राजा अकबर ने बीरबल और दरबारियों को बुलाया|

(घ) मेरे पिता एक डॉक्टर हैं|

(ङ) राधा ने कुछ फूल लेकर माला बनाई|

**प्रश्न 8 रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए :-**

(क) <u>गायक</u> गीत गा रहा है|

(ख) <u>कवि</u> कविताएँ लिखता है|

(ग) <u>नौकरानी</u> सफ़ाई कर रही है|

(घ) <u>पुत्री</u> ने काम पूरा कर लिया|

(ङ) <u>सिंह</u> ने शिकार किया|

**प्रश्न 9 रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए :-**

(क) मेरी <u>माला</u> टूट गई|

(ख) घर में <u>चुहिया</u> घुस रही है|

(ग) <u>कमरा</u> खाली है|

(घ) मेरी <u>कॉपी</u> खो गई|

(ङ) बाज़ार से <u>पुस्तक</u> लाओ|

**प्रश्न 10 सही कारक चिह्नों से वाक्य पूर्ति कीजिए :-**

(क) हम बस _______ स्कूल जाते हैं|

(ख) सड़क _______ गेंद ______ मत खेलो|

(ग) जग ______ पानी नहीं है|

(घ) यह मेरी बहन _____ गुड़िया है|

(ङ) उस आदमी ______ मुझे बुलाया है|

**प्रश्न 11 निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

(क) वह

(ख) कौन

(ग) मैं

(घ) जैसा, वैसा

(ड) आप

**प्रश्न 12 निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य छाँटकर लिखिए :-**

(क) काली बिल्ली रास्ता काट गई|

(ख) मटके में कम पानी है|

(ग) मेरी बड़ी पेंसिल खो गई|

(घ) राहुल ने तीन चॉकलेट खाई|

(ड) रानी लक्ष्मीबाई वीरांगना थीं|

**प्रश्न 13 निम्नलिखित वाक्यों में आए क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए तथा उनका भेद लिखिए :-**

(क) बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं|

(ख) अध्यापिका कविता पढ़ा रही हैं|

(ग) राम ने तीर चलाया|

(घ) मेरा भाई सो रहा है|

(ड) माँ ने पिज़्ज़ा बनाया है|

## खण्ड - ग

**प्रश्न 14 निम्नलिखित विषयों पर 60-70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :-**

(क) समय का महत्त्व

(ख) वृक्षों का महत्त्व

**प्रश्न 15** **अनौपचारिक पत्र :-**

(क) अपने मित्र को छुट्टियों में घर पर बुलाने हेतु पत्र लिखिए|

(ख) अपने पिता को अपनी परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए|

**प्रश्न 16** **चित्र को देखकर 60-70 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए|**



**<u>खण्ड - घ</u>**

**प्रश्न 17** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

वनवास के दौरान श्री राम कुटिया में बैठे थे कि उनका शबरी से मिलने का मन हुआ| मन की बात मानते हुए वह शबरी के पास पहुँचे तो देखा कि वहाँ चारों ओर फूल ही फूल खिले थे जिनकी खुशबू से सारा वन महक रहा था| हर फूल से भीनी-भीनी सुगंध आ रही थी| श्री राम ने जिज्ञासावश शबरी से फूलों के खिलने की वजह पूछी, वह बोलीं-भगवन, इसके पीछे एक घटना है| यहाँ बहुत समय पहले मतंग ऋषि का आश्रम था| यहाँ बहुत से ऋषि-मुनि और विद्यार्थी रहते थे| एक बार चातुर्मास के समय आश्रम में ईंधन समाप्त होने वाला था| वर्षा होने से पहले सूखी लकड़ियाँ लाने की ज़रूरत थी| आलस्यवश विद्यार्थी लकड़ी लेने वन में नहीं जा रहे थे| विद्यार्थियों की

उदासीनता देखकर स्वयं मतंग ऋषि ने अपने कंधे पर कुल्हाड़ी रखी और लकड़ियाँ काटने जंगल की ओर चल पड़े| गुरु को जाते देखा तो विद्यार्थी भी उनके पीछे चले| मतंग ऋषि ने सूखी लकड़ियाँ काटीं और उन्हें बाँधकर अपने कंधे पर रख सभी लोग आश्रम की ओर लौटने लगे| मतंग ऋषि आगे चल रहे थे और विद्यार्थी उनके पीछे-पीछे चल रहे थे| चलते-चलते अचानक एक विद्यार्थी ने देखा कि वृद्ध आचार्य के शरीर से पसीने की बूँदें टपक रही हैं लेकिन आश्चर्य तो यह था कि जहाँ-जहाँ पसीने की बूँदें गिरीं, वहाँ-वहाँ सुंदर फूल खिल उठे| वही फूल बढ़ते-बढ़ते आज सारे वन में फैल गए हैं| श्रम के कारण खिले फूल कुम्हलाते नहीं हैं और चारों ओर अपनी सुगंध फैलाते हैं|

(क) वनवास के दौरान श्री राम का क्या मन हुआ?

(ख) सारा वन क्यों महक रहा था?

(ग) फूलों से कैसी सुगंध आ रही थी?

(घ) श्री राम ने शबरी से क्या पूछा?

(ड) मतंग ऋषि के आश्रम में कौन-कौन रहता था?

(च) विद्यार्थियों की उदासीनता देखकर मतंग ऋषि ने क्या किया?

(छ) वृद्ध आचार्य के शरीर से पसीने की बूँदें टपकने पर क्या हुआ?

(ज) श्रम के कारण खिले फूल कैसे होते हैं?

(झ) कोई दो व्यक्तिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए|

(ञ) समानार्थी शब्द छाँटकर लिखिए :- जंगल, पुष्प

**प्रश्न 18 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

सच्चाई का लेकर शस्त्र,

और अहिंसा का ले अस्त्र|

तुमने अपना देश बचाया,

गोरों को था दूर भगाया|

दुश्मन से भी प्यार किया,

मानव पर उपकार किया|

गाँधीजी ! करते तुम्हें नमन,

तुम्हें चढ़ाते प्रेम-सुमन|

(क) यह कविता किसके बारे में बता रही है?

(ख) उन्होंने अपना अस्त्र-शस्त्र किसे बनाया?

(ग) उन्होंने अपना देश कैसे बचाया?

(घ) गाँधीजी ने किस पर उपकार किया है?

(ङ) गाँधीजी पर हम क्या चढ़ाएँगे?

## Term-II

## Worksheet-I

**नीचे लिखे अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए:-**

(क) अतिथ

(ख) श्रिमती

(ग) पुज्य

(घ) स्वास्थ

(ड.) आदर्ष

(च) अगनी

(छ) अहार

(ज) महिना

(झ) चरन

(ञ) परिवारिक

## Worksheet-II

**निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए:-**

(क) मुझे काटकर तरबूज खिलाओ।

(ख) उसने अनेकों ग्रंथ लिखे।

(ग) पेड़ों पर तोता बैठा है।

(घ) मुझे बहुत आनंद आती है ।

(ङ.) राम और साहिल वन को गई।

(च) मैंने यह काम नहीं किया हूँ।

(छ) आठ बजने को दस मिनट है ।

(ज) वह देर में सोकर उठता है ।

(झ) मेरे चाचाजी कल को आएँगे।

(ञ) मौसम बहुत सुहावनी है।

**<u>Term-II</u>**

**<u>S.E. Activity 1</u>**

“नीति के दोहे” - कोई दो दोहे याद करके भावार्थ सहित कक्षा में सुनाइए।

**<u>अंक विभाजन</u>**

दोहे- 2 अंक

भावार्थ- 2 अंक

समग्र प्रभाव-1 अंक

**<u>S.E. Activity 2</u>**

भारत के किन्ही चार महान नेताओं के नारे उनके चित्र के साथ लिखना और चिपकाना|

**<u>अंक विभाजन</u>**

चित्र- 2 अंक

नारे- 2 अंक

समग्र प्रभाव-1 अंक

**AIL-1**

दिए गए शब्दों के चित्र बनाकर उनके दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखना|

**अंक विभाजन**

चित्र- 2 अंक

पर्यायवाची शब्द - 2 अंक

समग्र प्रभाव-1 अंक

**AIL-2**

विराम चिह्नों के चित्र बनाकर उनका प्रयोग कर वाक्य रचना कीजिए|

**अंक विभाजन**

चित्र- 2 अंक

वाक्य रचना - 2 अंक

समग्र प्रभाव-1 अंक

**Periodic Test – 2**

**Revision**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) पंकज ने रवीन्द्र की जान कैसे बचाई?

(ख) मेघालय में किन-किन समुदाय के लोग रहते है?

(ग) पंकज के दुखी होने का क्या कारण था?

(घ) मेघालय को बादलों का घर क्यों कहा जाता है?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :-**

(क) क्या करने में रवीन्द्र को विशेष आनंद आता था?

(ख) मेघालय की 80 प्रतिशत आबादी किस पर निर्भर है?

(ग) रवीन्द्र की दुर्घटना किससे हुई?

(घ) संसार में सबसे अधिक वर्षा कहाँ होती है?

**प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

(क) सर्वोत्तम

(ख) अड़चन

(ग) पुराण

(घ) पूजनीय

**प्रश्न 4 कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार वाक्यों के काल बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए:-**

(क) कल मेरी छुट्टी है। (भूतकाल)

(ख) मैंने गृहकार्य कर लिया। (भविष्यत् काल)

(ग) मेरी परीक्षा आज है। (भूतकाल)

(घ) वर्षा हो रही थी। (वर्तमान काल)

(ड) सौम्या गीत गाएगी। (वर्तमान काल)

**प्रश्न 5 निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रियाविशेषण शब्द से वाक्य पूरा कीजिए:-**

(क) सीमा ___________ पढ़ती है।

(ख) किशन __________ खाता है।

(ग) मेरा घर ________ है।

(घ) मीरा ________ गाती है।

(च) घोड़ा _________ दौड़ता है।

**प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :-**

(क) आकाश

(ख) एक

(ग) रक्षक

(घ) कटु

(ड) कायर

**प्रश्न 7 कक्षा अध्यापिका को चार दिन की छुट्टी के लिए आवेदन पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 8 निम्नलिखित अपठित काव्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

नदिया न पीये कभी अपना जल
वृक्ष न खाए कभी अपना फल
अपने तन से, मन से, धन से

देश को दे दे दान रे
वो सच्चा इन्सान रे।

(क) कौन अपना जल नहीं पीता?

(ख) वृक्ष क्या नहीं खाता?

(ग) दान कैसे-कैसे देना चाहिए?

(घ) दो जातिवाचक संज्ञा शब्द काव्यांश में से छाँटकर लिखिए।

(ङ) 'नीर' का समानार्थी शब्द काव्यांश में से छाँटकर लिखिए।

## Question Bank

## Term II

### खण्ड - क

**प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

(क) रवीन्द्र की अपेक्षा पंकज कैसा लड़का था?

(ख) पंकज के दुखी होने का क्या कारण था?

(ग) मेघालय में किन-किन समुदाय के लोग रहते हैं?

(घ) चेरापूँजी की क्या विशेषता है?

(ङ.) भले-बुरे की पहचान कब होती है?

(च) जीवन में संगति का क्या महत्त्व है?

(छ) राजा सत्यजीत के भाई ने उसके साथ क्या किया?

(ज) प्रजा किसे चाहती थी,और क्यों?

(झ) माली ने नन्हे को क्या सीख दी?

(ञ) नन्हे माली को देखकर क्यों नहीं भागा ?

(ट) 'भोगी पोंगल' के दिन लोग क्या करते हैं?

(ठ) 'सूर्य पोंगल' कैसे मनाया जाता है?

(ड) काबुलीवाले ने मिर्च के बारे में क्या सोचा?

(ढ) काबुलीवाला क्या पाकर मग्न हुआ?

**प्रश्न 2 निम्नलिखितप्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए:-**

(क) रवीन्द्र कौन-सी कक्षा में पढ़ता था?

(ख) पंकज को किसका सहारा लेना पड़ता था?

(ग) मेघालय की जलवायु कैसी है?

(घ) मेघालय के जन-जीवन में किसका विशेष महत्त्व है?

(ड.) भक्त सुदामा किसके मित्र थे?

(च) वसंत ऋतु में किसकी पहचान होती है?

(छ) सत्यजीत के पश्चात राजा कौन बना?

(ज) किस राजा को पाकर प्रजा सुखी हुई?

(झ) शास्त्री जी ने कौन-सा नारा दिया?

(ञ) शास्त्री जी की मृत्यु कब हुई?

(ट) पोंगल किस अवसर पर मनाया जाता है?

(ठ) पोंगल का क्या अर्थ है?

(ड) काबुलीवाले की झोली में क्या था?

(ढ) काबुलीवाले को किसने बेवकूफ़ बताया?

**प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) राह | (ड.) नेक | (झ) पुराण | (ड) अड़चन |
| (ख) तुरंत | (च) मग्न | (ञ) नाममात्र | (ढ) तबादला |
| (ग) प्रकाश | (छ) दरिद्रता | (ट) पौन | |
| (घ) परिधान | (ज) लोकप्रियता | (ठ) कनक | |

**प्रश्न 4 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

पोंगलका दूसरा दिन ‘सूर्य पोंगल’ के नाम से जाना जाता है। इस दिन लोग मीठे चावलों से सूर्य की पूजा करते हैं। लोग नए परिधान पहनते हैं। सभी घरों में सूर्य देवता के सुंदर चित्र बनाए जाते हैं। दोपहर के समय सब लोग मिलकर भोजन करते हैं।

(क) पोंगल का दूसरा दिन किस नाम से जाना जाता है?

(ख) लोग किससे सूर्य की पूजा करते हैं?

(ग) घरों में क्या बनाए जाते हैं?

(घ) दोपहर के समय सब क्या करते हैं?

**प्रश्न 5 निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

एक काबुलीवाले की कहते हैं लोग कहानी,
लाल मिर्च को देख गया भर उसके मुंह में पानी।
सोचा, क्या अच्छे दाने हैं,खाने से बल होगा,
यह जरूर इस मौसिम का कोई मीठा फल होगा।

(क) लोग किसकी कहानी कहते हैं?

(ख) लाल मिर्च देखकर क्या हुआ?

(ग) मौसिम का का फल कैसा होगा?

(घ) ‘जल’ का समानार्थी शब्द पद्यांश में से लिखिए।

**<u>खण्ड - ख</u>**

**प्रश्न 6 कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार वाक्यों के काल बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए:-**

(क) मैं बाजार जा रहा हूँ। (भविष्यत् काल)

(ख) मैंने कल मैच देखा। (वर्तमानकाल)

(ग) मोहन खा रहा है। (भूतकाल)

(घ) रेखा खेलने जा रही है। (भूतकाल)

(ङ.) तुम कहाँ गए थे? (वर्तमानकाल)

(च) वह कल घूमने गया था। (भविष्यत् काल)

**प्रश्न 7** **निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रियाविशेषण शब्द से वाक्य पूरा कीजिए:-**

(क) घोडा_________दौड़ता है।

(ख) कछुआ____________चलता है।

(ग) कृपया ___________चलकर बैठिए।

(घ) मालती __________ खाती है।

(ङ.) मेरा घर _________ है।

(च) मीरा _________ गाती है।

**प्रश्न 8** **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:-**

(क) कटु

(ख) कायर

(ग) हानि

(घ) उदय

(ङ.) शत्रु

(च) उन्नति

**प्रश्न 9** **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए:-**

(क) नौ दो ग्यारह होना

(ख) टाँग अड़ाना

(ग) दंग रह जाना

(घ) बाल-बाल बचना

(ङ.) गले पड़ना

(च) कान भरना

**प्रश्न 10** **निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:-**

(क) जिसकी कोई कीमत न हो

(ख) जहाँ जाना कठिन हो

(ग) जो साथ पढ़ता हो

(घ) प्रतिदिन होने वाला

(ड.) हाथ से लिखा हुआ

(च) जिसे पाना कठिन हो

**प्रश्न 11 निम्नलिखित वाक्यों में सही जगह पर विराम चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए:-**

(क) मेज पर कलम पुस्तक और कॉपी रखी है

(ख) स्नेहा संदीप और केशव भाई-बहन हैं

(ग) हाय कितना बड़ा जानवर है

(घ) अरे तुम्हें चोट कैसे लगी

**प्रश्न 12 निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए:-**

(क) विषेश (घ) प्रान

(ख) कृपाया (ड.) कवी

(ग) परिवारिक (च) पत्नि

**प्रश्न 13 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए:-**

(क) सुबह (घ) फूल

(ख) अभिलाषा (ड.) पेड़

(ग) पहाड़ (च) वायु

**प्रश्न 14 निम्नलिखित अनेकार्थक शब्दों के दोनों अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए:-**

(क) पानी (घ) उत्तर

(ख) लाल (ड.) कर

(ग) हार (च) पद

**प्रश्न 15 निम्नलिखित वाक्य सकर्मक है या अकर्मक लिखिए:-**

(क) पिताजी भीतर बैठे हैं।

(ख) घोड़ा दौड़ रहा है।

(ग) मुझे एक पुस्तक चाहिए।

(घ) राहुल कहानी पढ़ रहा है।

(ड.) दादी पूजा कर रही है।

(च) वे सो रहे हैं।

**प्रश्न 16 निम्नलिखित वाक्यों में उचित कारक शब्दों द्वारा वाक्य पूरे कीजिए:-**

(क) पेड़ ________ पत्ता गिरा।

(ख) फल सेहत ___________लाभदायक होते हैं।

(ग) शिवम् __________खाना खाया।

(घ) दुकान_______ पुस्तक लाना।

(ड.) छत_______पक्षी बैठे हैं।

(च) माँ _______बुखार है।

**<u>खण्ड - ग</u>**

**प्रश्न 17 प्रधानाचार्य को विद्यालय छोड़ने के प्रमाण-पत्र के लिए अनुरोध पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 18 'पुस्तकालय' विषय पर 50 से 60 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए।**

**अथवा**

**प्रश्न 19 नीचे दिए चित्र का वर्णन 50 से 60 शब्दों के अनुच्छेद में कीजिए।**



## <u>खण्ड - घ</u>

**प्रश्न 20 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

किसी पेड़ पर एक कोयल रहती थी। उसकी आवाज़ बहुत मीठी थी। कोयल अन्य पक्षियों को गीत सुनाती थी। सारे पक्षी कोयल की मीठी आवाज़ की प्रशंसा करते थे। कोयल को अपनी प्रशंसा सुन-सुनकर अभिमान हो गया। एक दिन बूढ़े तोते ने कोयल को समझाया कि अपने गुणों पर कभी अभिमान नहीं करना चाहिए, परंतु कोयल ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया। एक दिन कोयल पेड़ की डाल पर बैठी आम खा रही थी। तभी एक चालाक लोमड़ी वहाँ से गुजरी। उसने कोयल की प्रशंसा करते हुए कहा- "कोयल बहन, तुम गाती तो मीठा हो, पर तुम्हारा नाच उससे भी अच्छा है। एक बार अपना नाच दिखाओ।" कोयल ने बहुत दिन बाद अपनी प्रशंसा सुनी, इसलिए अभिमान से उसका सीना फूल गया। उसने जैसे ही नाचना शुरू किया, उसके पंजे से आम नीचे गिर गया। लोमड़ी ने आम उठाया और आगे बढ़ गई।

(क) कोयल कहाँ रहती थी?

(ख) कोयल की आवाज़ कैसी थी?

(ग) कौन अन्य पक्षियों को गीत सुनाता था?

(घ) कोयल की मीठी आवाज़ की प्रशंसा कौन करता था?

(ड.) कोयल को क्या सुनकर अभिमान हो गया था?

(च) किसने कोयल को समझाया?

(छ) कोयल क्या खा रही थी?

(ज) चालाक कौन था?

(झ) वाक्य पूरा करो "कोयल बहन, तुम गाती तो मीठा हो,________________________ ।"

(ञ) "एक बार अपना नाच दिखाओ।" किसने कहा?

**प्रश्न 21 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

मिट्टी की महिमा मिटने में,

मिट-मिट हर बार संवरती है,

मिट्टी-मिट्टी पर मिटती है,

मिट्टी-मिट्टी को रचती है।

(क) मिट्टी की महिमा किसमें है?

(ख) मिट्टी मिट-मिट कर हर बार क्या करती है?

(ग) मिट्टी किस पर मिटती है?

(घ) मिट्टी-मिट्टी को क्या करती है?

(ड.) काव्यांश में किसके बारे में बताया गया है?

